# 16 राजस्थान में 1857 की क्रांति

1. निम्नलिखित कथनो में से असत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) 1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान में 6 ब्रिटिश छावनियाँ थी।
(2) राजस्थान में छावनी बोर्ड की स्थापना नसीराबाद में की गई थी।
(3) 1857 की क्रांति के समय राजस्थान का ए.जी.जी. जॉर्ज हेनरी लॉरेंस था।
(4) राजस्थान में 1857 की क्रांति का प्रथम विद्रोह नसीराबाद में हुआ। (3)

व्याख्या– 1857 के क्रांति के समय राजस्थान का ए.जी.जी जॉर्ज सेन्ट पैट्रिक लॉरेंस था।

2. 1857 की क्रांति के दौरान मेवाड़ के महाराणा की विद्रोह के प्रति क्या नीति रही?
(1) अंग्रेजों के सहयोग की (2) स्वयं ने विप्लव मे भाग लिया
(3) क्रांति के प्रति उपेक्षा की (4) क्रांतिकारियों के सहयोग की (1)

3. A. कोटा में 15 अक्टूबर, 1857 को वकील लाल जयदयाल व मेहराब खाँ के नेतृत्व में जन विद्रोह हुआ।
B. कोटा में 1857 की क्रांति के समय पॉलिटिकल एजेंट मेजर ईडन थे।
उपर्युक्त में से सत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) दोनों असत्य (2) केवल B सत्य
(3) दोनों सत्य (4) केवल A सत्य (4)

व्याख्या– 1857 की क्रांति के समय कोटा का पॉलिटिकल एजेंट मेजर बर्टन था।

4. राजस्थान की एकमात्र रियासत जिसमें राजा के साथ वहाँ की आम जनता ने भी अंग्रेजों का साथ दिया?
(1) जयपुर (2) कोटा
(3) टोंक (4) जैसलमेर (1)

व्याख्या– जयपुर के महाराजा रामसिंह द्वितीय ने पॉलिटिकल एजेंट कैप्टन ईडन को हर प्रकार की सहायता का वचन दिया।

5. आउवा के ठाकुर खुशालसिंह ने अंग्रेजों से हारने के बाद किसके यहाँ शरण ली थी?
(1) कोठारिया के रावत जोधसिंह
(2) नरवर के जागीरदार मानसिंह नरूका
(3) लाम्बिया के ठाकुर पृथ्वी सिंह
(4) सलूम्बर रावत केसरी सिंह (1)

6. 1857 की क्रांति के समय राजस्थान में कुल 6 सैनिक छावनियाँ थी, उनमें से कौन सी दो छावनियों ने विद्रोह में भाग नहीं लिया?
(1) नीमच, एरिनपुरा (2) नसीराबाद, ब्यावर
(3) देवली, ब्यावर (4) खैरवाड़ा, ब्यावर (4)

7. तांत्या टोपे ने ग्वालियर के विद्रोहियों के साथ राजस्थान में दूसरी बार कब प्रवेश किया?
(1) अगस्त 1857 (2) जून 1858
(3) दिसम्बर 1858 (4) मार्च 1858 (3)

व्याख्या– तांत्य टोपे पहली बार राजस्थान में 8 अगस्त, 1858 को भीलवाड़ा आए तथा दूसरी बार बाँसवाड़ा में आए थे।

8. 1857 के विद्रोह के समय किस छावनी के सैनिकों ने 'चलो दिल्ली मारो फिरंगी' के नारे लगाते हुए दिल्ली की ओर कूच किया?
(1) एरिनपुरा (2) नीमच
(3) नसीराबाद (4) देवली (1)

9. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में कोटा महाराव रामसिंह की सहायता हेतु किस रियासत ने सैनिक सहायता भेजी?
(1) बूंदी (2) करौली
(3) बारां (4) सवाई माधोपुर (2)

10. 1857 की क्रांति के दौरान बिथौड़ा का युद्ध कब हुआ था?
(1) 8 सितम्बर, 1857 (2) 18 सितम्बर, 1857
(3) 20 जनवरी, 1858 (4) 30 मई, 1857 (1)

व्याख्या– इस युद्ध का नेतृत्व क्रांतिकारी खुशाल सिंह (आऊवा) व संयुक्त सेना का नेतृत्व हीथकोट (अंग्रेज अधिकारी) व कुशलराज सिंघवी (जोधपुर) ने किया।

11. 1857 की क्रांति के समय मारवाड़ रियासत में पॉलिटिकल एजेन्ट कौन था?
(1) मैकमैसन (2) मोरिसन
(3) जॉर्ज पेट्रिक लॉरेन्स (4) कर्नल ईडन (1)

व्याख्या– चेलावास के युद्ध में मैकमेसन की हत्या कर उसका सिर काटकर आऊवा दुर्ग पर लटका दिया।

12. निम्न कथनों में से असत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) नीमच छावनी 28 मई, 1857 को विद्रोह हुआ।
(2) बिथोड़ा का युद्ध 8 सितम्बर, 1857 को हुआ।
(3) एरिनपुरा छावनी में 21 अगस्त, 1857 को विद्रोह हुआ।
(4) चेलावास का युद्ध 18 सितम्बर, 1857 को हुआ। (1)

व्याख्या– नीमच छावनी का विद्रोह 3 जून, 1857 को हुआ था।

13. 1857 की क्रांति के समय राजस्थान में अंग्रेजों का प्रशासनिक मुख्यालय था?
(1) नसीराबाद (2) अजमेर
(3) माउन्ट आबू (4) ब्यावर (2)

व्याख्या– 1832 ई. में स्थापित राजपूताना रेजीडेन्सी का मुख्यालय अजमेर था, लेकिन 1845 ई. में इसका मुख्यालय अजमेर से आबू स्थानांतरित कर दिया गया।

Dhindhwal Publication Read, Read and Achieve

14. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| रियासत | पॉलिटिकल एजेंट |
|---|---|
| A. मेवाड़ | i. कर्नल ईडन |
| B. मारवाड़ | ii. कैप्टन मैक मेसन |
| C. कोटा | iii. कैप्टन सी. एल. शॉवर्स |
| D. जयपुर | iv. मेजर बर्टन |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | iv | iii | ii |

(2)

15. कौनसा सुमेलित नहीं है?

| राज्य (1857) | शासक (1857) |
|---|---|
| (1) धौलपुर | – भगवंत सिंह |
| (2) करौली | – मदनपाल |
| (3) बाँसवाड़ा | – पृथ्वीसिंह |
| (4) सिरोही | – शिवसिंह |

(3)

**व्याख्या–** 1857 में बाँसवाड़ा के शासक महारावल लक्ष्मण सिंह थे।

16. नीमच से भागे 40 अंग्रेजों को डुँगला गाँव (चित्तौड़गढ़) में किस जाट व्यक्ति ने अपने घर में शरण दी थी?
(1) गोकुलचंद मेहता (2) अर्जुन सिंह
(3) रूगाराम (4) देवा जाट (3)

**व्याख्या–** मेजर शॉवर्स ने मेवाड़ के महाराणा स्वरूप सिंह से सैनिक सहायता लेकर डुँगला पहुँचकर क्रांतिकारियों द्वारा घेरे गए अंग्रेज परिवारों को मुक्त करवाकर उदयपुर पहुँचाया।

17. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| छावनी | तैनात टुकड़ी |
|---|---|
| A. नसीराबाद | i. बंगाल नैटिव इन्फेंट्री |
| B. खैरवाड़ा | ii. फर्स्ट बंगाल केवेलरी |
| C. एरिनपुरा | iii. मेवाड़ भील कोर |
| D. नीमच | iv. जोधपुर लीजन |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

(4)

18. किस अंग्रेज अधिकारी ने अपनी पुस्तक 'दी म्यूटिनीज इन राजस्थान' में लिखा है कि ''आऊवा के ठाकुर का झगड़ा अपने राजा के साथ था अंग्रेजी सरकार से नही''?
(1) जॉन लॉरेन्स (2) मेजर ईडन
(3) जे. डी. हॉल (4) मेजर प्रिचार्ड (4)

19. 1857 की क्रान्ति के समय ब्रिटिश सरकार ने किस शासक को उपहार स्वरूप टिब्बी परगने के 41 गाँव दिए थे?
(1) बीकानेर शासक सार्दुल सिंह को
(2) बीकानेर शासक सरदार सिंह को
(3) मेवाड़ शासक महाराणा स्वरूप सिंह को
(4) करौली शासक महाराजा मदनपाल को (2)

20. 1857 ईस्वी की क्रान्ति की असफलता के प्रमुख परिणाम कौन–कौन से थे?
(1) इस क्रांति के असफल होने के बाद राजस्थान रियासतें ब्रिटिश संरक्षण में चली गई।
(2) राजस्थान की जनता पर गुलामी की दोहरी मार पड़ने लगी थी।
(3) अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार के कारण लोगों में राष्ट्रीय जागृति की भावना उत्पन्न हुई।
(4) ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा राजस्थान के रियासतों से की गई संधियाँ ब्रिटिश सम्राट ने भी जारी रखी।
कूटः–
¼A) 1, 3, 4 (B) 1, 2
(C) 1, 2, 3, 4 (D) 1, 2, 4 (C)

21. 1857 की क्रान्ति के समय सिरोही रियासत का पॉलिटिकल एजेंट कौन था?
(1) मोरिसन (2) मेजर बर्टन
(3) कर्नल ईडन (4) जे.डी. हॉल (4)

22. खुशाल सिंह की पराजय के बाद कर्नल होम्स की सेना ने आऊवा पर कब्जा किया था?
(1) 24 जनवरी, 1858 (2) 20 जनवरी, 1858
(3) 8 अगस्त, 1860 (4) 10 नवम्बर, 1864 (1)

**व्याख्या–** इस घटना में 18 क्रांतिकारी मारे गए, आऊवा गाँव के 124 व्यक्तियों को बंदी बनाकर अंग्रेजी सेना द्वारा गोली मार दी।

23. सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा किस पुस्तक की रचना 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समय की गई, जिसमें डिंगल में वीर रसात्मक 288 दोहे हैं–
(1) रामरजाट (2) वंशभास्कर
(3) वीर सतसई (4) सतीरासो (3)

24. किस आयोग की सिफारिश पर ठाकुर खुशाल सिंह को रिहा किया गया?
(1) आऊवा आयोग (2) मेजर टेलर आयोग
(3) ट्रेंच आयोग (4) मेजर बर्टन आयोग (2)

25. भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जो भोजन सामग्री क्रान्तिकारी संदेश के साथ गाँवों में वितरित की जाती थी, वह थी?
(1) पूड़ी (2) चपाती
(3) ब्रेड (4) पराठा (2)

**व्याख्या–** क्रान्ति के प्रतीक के रूप में 'कमल' और 'रोटी' को चुना गया। कमल के फूल को उन सभी सैन्य टुकड़ियों को भेजा गया जो विद्रोह में शामिल थी तथा रोटी को एक गाँव का चौकीदार दूसरे गाँव तक पहुँचाता था।

Read, and Achieve
Dhindhwal Publication

26. बीकानेर के किस शासक ने जवाहरजी को अपने यहाँ शरण दी?
(1) रतनसिंह    (2) सार्दुल सिंह
(3) सरदार सिंह    (4) गंगासिह    (1)

व्याख्या– 31 दिसम्बर, 1846 ई. को बीकानेर के घड़सीसर में अंग्रेजों की सेना ने जोधपुर व बीकानेर की सेना के साथ मिलकर जवाहर जी को घेरा लिया। जवाहर जी वहां से भागकर बीकानेर रियासत के खैरखट्टा नामक स्थान पर पहुँच गए, वहां पर बीकानेर के महाराजा रतनसिंह ने इन्हें शरण देकर अपने पास रखा।

27. 1857 ई. की क्रान्ति के दौरान 'राजस्थान का एकमात्र सुनियोजित संघर्ष' किस राज्य में हुआ?
(1) मेवाड़    (2) भरतपुर
(3) कोटा    (4) जोधपुर    (3)

28. ''आछो गोरा हट जा। राज भरतपुर को रै, गोरा हट जा'' यह कहावत किसके द्वारा रचित है? –
(1) सूर्यमल्ल मिश्रण    (2) बांकीदास
(3) लक्ष्मी कुमारी चूंडावत    (4) रांगेय राघव    (2)

व्याख्या– बांकीदास ने भरतपुर पर अंग्रेजी आक्रमण के संबंध में यह कविता लिखी थी।

29. निम्न में से 1857 की क्रान्ति के समय देवली (टोंक) में तैनात टुकड़ी कौनसी थी?
(1) कोटा रेजीमेंट    (2) जोधपुर लीजन
(3) बंगाल नेटिव इन्फेन्ट्री    (4) मेरवाड़ा रेजीमेंट    (1)

व्याख्या– देवली में 5 जून, 1857 को नीमच छावनी के क्रांतिकारियों ने विद्रोह किया था।

30. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| ठाकुर | ठिकाना |
|---|---|
| A. ठाकुर बिशन सिंह | i. गुलर ठिकाना |
| B. शिवनाथ सिंह | ii. तुलगिरी ठिकाना |
| C. ठाकुर जगतसिंह | iii. आसोप ठिकाना |
| D. ठाकुर पृथ्वीसिंह | iv. लाम्बिया ठिकाना |


कूट:


| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

(3)

Dhindhwal Publication
Lead, Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**